दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

(Accredited A++ by NAAC)

पत्रांक : सम्बद्धता/2024/10/5895 दिनांक : 04/10/2024.

अति आवश्यक/महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त, संबंधित बी0एड0/एम0एड0 महाविद्यालय
सम्बद्ध– दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

विषय– महाविद्यालय के बी0एड0/एम0एड0 शिक्षकों का विवरण (तीन बिन्दुओं पर) उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता/2024/09/5783 दिनांक 20.09.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माध्यम से विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर के पत्र दिनांक 06.09.2024 के क्रम में स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के बी0एड0 शिक्षकों को बी0एड0 की सैद्धान्तिक तथा प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु परीक्षक सूची तैयार करने हेतु वांछित सूचनाएं मांगी गयी थी।

उक्त के क्रम में महाविद्यालय में अद्यतन कार्यरत शिक्षकों की वरीयताक्रम में सूची महाविद्यालय स्तर से तैयार करने एवं निम्न पत्रजात संलग्न कर उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

बिन्दु निम्नवत् है–

1. महाविद्यालय में बी0एड0 कक्षाओं में शिक्षण हेतु अनुमोदित हैं।
2. अनवरत तीन वर्ष से बी0एड0 कक्षाओं में शिक्षण कार्य रहे हैं।
3. जिनको उनके वेतन का भुगतान बैंक खाता में किया जा रहा है।

अतः समस्त संबंधित से अपेक्षा की जाती है कि अपने महाविद्यालय के बी0एड0/एम0एड0 पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित एवं कार्यरत शिक्षकों की अद्यतन सूची वरीयताक्रम में महाविद्यालय स्तर से तैयार कर वांछित प्रपत्र सहित दिनांक 10.10.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनिवार्यत रूप से उपलब्ध कराने हेतु समय विस्तारित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(प्रो0 शान्तनु रस्तोगी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2. समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त बी0एड0/एम0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

7/10/24